योजना का लाभ | शासन की एमएसएमई प्रोत्साहन योजना से बदली तस्वीर

माल आना बंद हुआ तो खुद खड़ी कर दी बेकरी फैक्ट्री

नवभारत,जबलपुर। कोरोना काल एक ऐसा दौर जब कारोबारियों के सामने बाजार बचाने से लेकर रोजगार बचाने तक की चुनौती खड़ी हो गई थीं। सप्लाई चेन टूट गई थी, दुकानें बंद थीं और बाहर से आने वाला सामान समय पर नहीं पहुंच रहा था। ऐसे मुश्किल समय में जहां कई कारोबारियों को अपना काम बंद करना पड़ा वहीं जबलपुर की सनमित कौर लाम्बा ने संकट में ही अवसर तलाश लिया। वर्ष 2021 में उन्होंने करोंदा में बेकरी प्रोडक्ट्स का अपना प्लांट शुरू किया। करीब 52 लाख रुपए के प्रोजेक्ट से कारोबार की शुरुआत हुई। जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से केन्द्र शासन की माइक्रो स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज ;एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत यूनियन बैंक रांझी से 52 लाख रुपए का उन्होंने लोन लिया। इसमें शासन से करीब 19 लाख रुपए की सब्सिडी मिली। छोटे प्लांट में सीमित

उत्पादन से शुरू हुआ यह सफर धीरे.धीरे आगे बढ़ने लगा। प्रोडक्ट की मांग बढ़ी तो उत्पादन क्षमता बढ़ाने की जरूरत महसूस हुई। इसके बाद फिर से 62 लाख रुपए का लोन लिया जिसके बाद बिजनेस पूरा स्टैंड हो गया।

टोस्ट से शुरू हुई कहानी अब पूरी बेकरी रेंज

सनमित ने अपने कारोबार की शुरुआत टोस्ट से की। जिस बाजार में वे कभी दूसरी कंपनियों के बेकरी प्रोडक्ट बेचती थीं उसी बाजार में अब उन्हें अपना ब्रांड लेकर उतरना था। बड़ी कंपनियों के प्रोडक्ट्स को देखकर उन्होंने अपने ब्रांड लाम्बा फूड एंड प्रोडक्ट्स को तैयार किया। टोस्ट के बाद उन्होंने बच्चों के लिए फ्रायम्स, केक, कुकीज और अन्य बेकरी प्रोडक्ट्स बनाना शुरू किया। धीरे.धीरे एक प्रोडक्ट से शुरू हुआ सफर बेकरी की पूरी रेंज तक पहुंच गया। आज उनके प्रोडक्ट सिर्फजबलपुर तक सीमित नहीं हैं। मध्यप्रदेश के कई जिलों में उनकी सप्लाई पहुंच रही है। करीब 200 से 250 किलोमीटर के दायरे में डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क तैयार हो चुका है। भोपाल की ओर भी प्रोडक्ट भेजे जा रहे हैंए जबकि छतरपुर तक उनके माल की सप्लाई हो रही है।

पति ने संभाली मार्केटिंग सनमित ने उत्पादन

सनमित अपनी सफलता का श्रेय अकेले खुद को नहीं देतीं। वे बताती हैं कि इस सफर में उनके पति रविंद्र लाम्बा का सबसे बड़ा योगदान रहा। फैक्ट्री में उत्पादन की जिम्मेदारी सनमित संभालती हैं जबकि रविंद्र मार्केटिंग और बाजार में प्रोडक्ट की पहुंच बढ़ाने का काम देखते हैं। दोनों ने अपनी.अपनी जिम्मेदारियां बांटकर कारोबार को आगे बढ़ाया।

अब 3 करोड़ का सालाना टर्नओवर

वर्ष 2021 में करीब 52 लाख रुपए के प्रोजेक्ट से शुरू हुआ कारोबार आज करीब 3 करोड़ रुपए के सालाना टर्नओवर तक पहुंच चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष में कारोबार लगभग 3 करोड़ रुपए रहा। कोरोना के संकट से शुरू हुई यह यात्रा आज एक ऐसे कारोबार में बदल चुकी है जिसने सनमित के परिवार को आर्थिक मजबूती देने के साथ.साथ आसपास के लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर तैयार किए हैं।

35 परिवारों के घर भी रोशन किए

सनमित की कहानी केवल एक महिला के सफल उद्यमी बनने की कहानी नहीं है। इसके साथ रोजगार की कहानी भी जुड़ी है। करोंदा स्थित उनके प्लांट में आसपास के गांवों के करीब 35 महिला और पुरुषों को रोजगार मिला है। उत्पादन से लेकर अन्य कामों में स्थानीय लोगों को काम मिला। इसके अलावा डिस्ट्रीब्यूशन और बिक्री से जुड़े लोगों के लिए भी यह कारोबार आय का जरिया बना है।

जिम्मेदारों के दावों पर भारी सड़क की जमीनी हकीकत

- मुंह चिढ़ा रहे गुरंदी बाजार में बने अघोषित डंपिंग प्वाइंट
- दुर्गंध के बीच से होकर गुजरने मजबूर राहगीर

नवभारत,जबलपुर। सड़क किनारे फैला हुआ कचरा, आवारा पशुओं का कचरे के ढेर में मुंह मारना और बीच सड़क पर नियमों का उल्लंघन करते हुए कचरे का खुले में परिवहन... ये सारे नजारे गुरंदी बाजार के पास के थे जिसनें नगर निगम के जिम्मेदारों के स्वच्छता को लेकर किए जाने वाले तमाम दावे खोखले साबित कर दिए। इसी अराजकता को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट कर स्थानीयजनों द्वारा तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की गईं और नगर निगम के जिम्मेदारों से पूछा कि ऐसे में जबलपुर स्वच्छता में और स्मार्ट सिटी में कैसे नंबर 1 पर आएगा। उधर सफाई के जिम्मेदार अधिकारियों का एक ही जवाब सामने आता दिखाई देता है कि जिस इलाके से शिकायत आती है उस पर कार्रवाई होती है। मतलब साफ है कि जहां से शिकायत नहीं आई तो वहां कचरे का अंबार खड़ा होगा। कुछ इसी तरह की कार्यशैली शहर की स्वच्छता पर भी दाग लगाते नजर आने लगी है।

जानकारी के अनुसार गुरंदी बाजार के आसपास इन दिनों कई अघोषित कचरा डंपिंग प्वाइंट बन चुके हैं जो कि शहर की स्वच्छता की तस्वीर को बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। आलम ये है कि मजबूरीवश कचरे की दुर्गंध के बीच से होकर राहगीरों को गुजरना पड़ रहा है। अविनाश, जयंत, राहुल सहित अन्य ने नवभारत को बताया कि गुरंदी बाजार में जितने भी अघोषित कचरा डंपिंग प्वाइंट बने हैं उसमें फैले कचरे को उठाने व इलाके में झाड़ू लगाने कई-कई दिनों तक सफाई अमला काम पर नहीं आता। इस कारण क्षेत्र की नालियां भी चोक हो रहीं हैं।

निगमायुक्त-महापौर के फरमान पर गंभीर नहीं अमला

विदित हो कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा समय समय पर बैठकें लेकर जमीनी तौर पर काम करने वाले सफाई अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए भी जाते हैं लेकिन इन निर्देशों को फिलहाल अभी नगर निगम का सफाई अमला गंभीरता से नहीं ले रहा है जिसका नतीजा है कि गंदगी की तस्वीर सामने आ रही है।

ट्रेन में छूटा लैपटॉप, आरपीएफ ने लौटाया

जबलपुर। मिशन अमानत के तहत रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) जबलपुर ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन में छूटा यात्री का करीब 69 हजार रुपये कीमत का लैपटॉप, चार्जर और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग सुरक्षित बरामद कर उसे सही-सलामत यात्री को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार 31 अगस्त को पिपरिया पोस्ट से सूचना मिली थी कि ट्रेन क्रमांक 22354 के कोच बी-01 की बर्थ नंबर 50 पर एक हैंड बैग छूट गया है। सूचना मिलते ही ट्रेन के जबलपुर स्टेशन पहुंचने पर उप निरीक्षक राजकुमार चंदेल और प्रधान आरक्षक आर.के. चौहान ने संबंधित कोच और बर्थ की जांच की, जहां उन्हें बैग मिल गया। बैग को आरपीएफ पोस्ट जबलपुर में सुरक्षित जमा कराया गया। आरपीएफ ने बैग के संबंध में यात्री नीलेश झपाटे पुत्र भविचंद, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम पचधार, थाना आठनेर, जिला बैतूल को सूचना दी। सूचना मिलने पर यात्री आरपीएफ पोस्ट जबलपुर पहुंचा। समक्ष गवाह बैग खोलकर जांच करने पर उसमें एचपी कंपनी का लैपटॉप, चार्जर और अन्य जरूरी दस्तावेज मौजूद मिले, जिनकी कुल कीमत करीब 69 हजार रुपये बताई गई। सामान की पूरी तरह पहचान और यात्री की संतुष्टि के बाद उप निरीक्षक राजकुमार चंदेल ने आधार कार्ड के आधार पर आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए बैग मय सामान यात्री को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। अपना कीमती सामान वापस पाकर यात्री ने आरपीएफ की तत्परता और ईमानदार कार्यप्रणाली के लिए आभार व्यक्त किया।

वेयर हाउस से अनाज की 120 बोरियां पार

जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत खिरकाखेड़ा स्थित महावरी वेयर हाउस से अनाज की 120 बोरियां पार हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अमित गोपाल जैन 50 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 13 शहपुहरा ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गल्ला का व्यापार करता है उसकी अतुल ट्रेडर्स के नाम से फर्म है वह अनाज खरीदकर महावीर वेयर हाउस खिरकाखेड़ा शहपुरा में स्टाक करता है महावरी वेयर हाउस में उसके द्वारा मूंग, राहर, उड़द की कुल 700 बोरी खरीद कर रखी गयी थी। चोर ने वेयर हाउस का ताला तोड़कर चोर 95 बोरी मूंग, 10 बोरी राहर, 15 बोरी उड़द कुल 120 बोरी कीमती लगभग 2 लाख 90 हजार रूपये चुराकर ले गया है।

गांवों को विवादमुक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल

- 20 घंटे का सामुदायिक मीडिएशन प्रशिक्षण शुरू

जबलपुर। गांवों को विवादमुक्त बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे विवादों का स्थानीय स्तर पर सहज समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर ने सार्थक पहल की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के संरक्षण तथा प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सुदूर ग्रामीण अंचलों से चयनित समाजसेवियों एवं ऊर्जावान व्यक्तियों के लिए 20 घंटे का सामुदायिक मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण 1 से 3 सितंबर तक जबलपुर के स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुश्री सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि जहां एक से अधिक लोग होंगे, वहां मतभेद और विवाद होना स्वाभाविक है, लेकिन संवाद और मध्यस्थता के जरिए उनका समाधान भी संभव है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को सहज और व्यवहारिक तरीके से सुलझाकर लोगों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है।

सहज और सरल तरीके से न्याय मिले

प्रशिक्षण में एमसीपीसी सीनियर ट्रेनर रीमा भंडारी, एसोसिएट ट्रेनर एवं सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश भावना साधौ, अतिरिक्त सचिव सालसा अरविंद श्रीवास्तव, उप सचिव अनिरुद्ध जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित मध्यस्थों की मदद से विवादों को बढ़ने से पहले ही बातचीत और आपसी सहमति के जरिए समाप्त करना है, ताकि गांवों में सौहार्द कायम हो और लोगों को सहज, सरल एवं सस्ता न्याय मिल सके।

एक नजर में

मप्र उच्च न्यायालय के नए चीफ जस्टिस होंगे अल्पेश कोगजे

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है। 31 अगस्त को हुई कॉलेजियम की बैठक में यह फैसला लिया गया। नियुक्ति के बाद जस्टिस कोगजे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 30वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा का स्थान लेंगे। जस्टिस कोगजे का जन्म 16 जुलाई 1969 को हुआ था और वे 1993 से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। वर्ष 2016 में उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

चाकूबाजी के साथ चले लट्ठ, 5 घायल

जबलपुर। हनुमानताल, गढ़ा, बरेला में चाकूबाजी के साथ लट्ठ, लात घूंसों चले जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि रिहान हुसैन 17 वर्ष निवासी रजा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पचकुईया में परिचित का एहफाज अंसारी मिला। शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, मना करने पर चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार गढ़ा थाने में रैनोल्ड स्मिथ 54 वर्ष निवासी गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अम्बर, दल्लू, बाती एवं हर्षु ने उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचा दी। इसी तरह बरेला थाने में गौरव विश्वकर्मा निवासी बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गगन चक्रवर्ती, शिवकुमार चक्रवती, अभिषेक चक्रवर्ती, विशाल भाट मोटर सायकल से आये और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट कर दी। उसकी बहन शिवानी व ऋषभ केवट बीच बचाव करने लगे तो लाठी से हमलाकर उन्हें भी चोट पहुंचा दी।

26 की उम्र में 26 अपराध करने वाला चूहा गिरफ्तार

- जहां फैलाई दहशतगर्दी वहां से पुलिस ने निकाला जुलूस

जबलपुर। 26 की उम्र में 26 अपराध करने वाले फरार शातिर अपराधी चूहा को अधारताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसकी हेकड़ी निकाली। पुलिस उसे वहां ले गई जहां वह दहशतगर्दी फैलाते हुए घूमता था। इसके बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे कोर्ट ने जेल भेज दिया है। टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि विवेक उर्फ चूहा पांडे 25 वर्ष निवासी महाराजपुर ने नखिल रजक पर कट्टे की बट से हमला किया था। इसके बाद फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। आनंद नगर कटरा में आरोपी के घूमने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस टीम उसे वहां ले गई जहां उसने वारदात को अंजाम दिया था। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पकड़ा गया आरोपी कुख्यात बदमाश है जिसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत अन्य कुल 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसपी ने सुनीं शिकायतें 33 मामले पहुंचे

जबलपुर। आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 33 शिकायतें थी। जनसुनवाई में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी.एस. गोठरिया, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित रहे।

ननि जनसुनवाई में सामने आईं 63 शिकायतें

- मौके पर ही किया गया समाधान

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम मुख्यालय और सभी संभागीय कार्यालयों में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों को बड़ी राहत मिली। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई, सौरभ मिश्रा एवं प्रभारी जनसुनवाई वेद प्रकाश चौधरी ने नागरिकों की समस्याओं को सुना, और अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उनका तुरंत समाधान भी कराया। इस मौके पर कुल 63 जनसमस्याएं सामने आईं थीं। मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का भी आयोजन किया गया। संभाग स्तर पर नागरिकों द्वारा कुल 30 आवेदन प्रस्तुत किए गए। संभागीय अधिकारियों ने सभी 30 आवेदनों का मौके पर ही शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई, सौरभ मिश्रा, प्रभारी जनसुनवाई वेद प्रकाश चौधरी, कामिनी, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, विष्णु, देवेंद्र पटेल, असद, सतीश मिश्रा व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत महानद्दा में सुबह 4 बजे शुभ मोटर्स के सामने एक बेकाबू ट्रक ने युवक को बेरहमी से कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, शेख इसराईल (45) निवासी हनुमानताल थाना क्षेत्र के न्यू आनंद नगर का आज सुबह करीब 4 बजे मदनमहल के महानद्दा क्षेत्र से गुजर रहा था इसी दौरान शुभ मोटर्स के सामने सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शेख इसराईल सड़क पर दूर जा गिरा और उसे शरीर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद मोहम्मद अहमद रजा उसे इलाज के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर भागा। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने शेख इसराईल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आसपास की दुकानों और शुभ मोटर्स में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा सके।

मृत मुर्गों का सप्लाई कांड : धरने पर बैठी हिन्दू धर्म सेना

जबलपुर। अधारताल तिराहा स्थित गोल्डन ब्रायलर चिकन सेंटर में मृत मुर्गों की सप्लाई का वीडियो वायरल होने के बाद लगातार मामला तूल पकड़ रहा है। मंगलवार को हिन्दू धर्म सेना अधारताल चौराहे पर धरने पर बैठ गई और कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया। पदाधिकारियों का कहना है कि मुर्गे से लदा ट्रक से गोल्डन ब्रायलर मालिक द्वारा उतार कर दुकान के अंदर रखकर उन्हें बेचा जा रहा था। जिसका वीडियो बनाकर वायरल किया गया। इसके बाद से शिकायत वापिस लेने, वीडियो सोशल मीडिया से हटाने और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। संगठन पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने एफआईआर दर्ज की मांग की है। संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, मुकेश रजक,बाबा श्रीवास्तव, हेमराज उपाध्याय, अविनाश सुखदान संदीप चक्रवर्ती, आकाश रजक, मुकेश कोरी, हिमरथ बघेल, अर्पित, मोनू पटेल, सुशील बर्मन आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

परेशानी | संकरी सड़क पर बढ़ा यातायात का दबाव

मदन महल अंडरब्रिज मार्ग पर हर वक्त जाम

जबलपुर। मदन महल अंडरब्रिज मार्ग पर इन दिनों यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और इसके साथ ही जाम की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। संकरी सड़क पर दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होने के कारण कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है कि वाहन रेंगते हुए निकलते हैं। सुबह और शाम के व्यस्त समय में स्थिति और बिगड़ जाती है। अंडरब्रिज से गुजरने वाले वाहन, आसपास के मार्गों से आने वाला यातायात और बाजार क्षेत्र की आवाजाही एक ही रास्ते पर होने से सड़क पर दबाव बढ़ जाता है। कुछ मिनट की दूरी तय करने में वाहन चालकों को काफी समय लग रहा है।

उलझ जाता है यातायात

जाम का सबसे ज्यादा असर रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों पर पड़ रहा है। संकरी सड़क और बढ़ते यातायात के बीच लोगों को हर रोज जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक भी वाहनों के बीच से निकलने की कोशिश करते नजर आते हैं, जिससे कई बार यातायात और उलझ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर बढ़ते दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने और जाम के स्थायी समाधान की जरूरत है। यदि समय रहते आवश्यक इंतजाम नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में इस मार्ग पर यातायात का दबाव और बढ़ने के साथ समस्या भी गंभीर हो सकती है।

नव भारत

आवश्यकता है

देश के अनेक राज्यों में प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिये निम्न पद के लिये योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है-

पद की योग्यता

सब एडिटर-01 (10 वर्ष का अनुभव)

सीनियर रिपोर्टर-02 (5 वर्ष का अनुभव)

संपर्क करें

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर (दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक)

9752721239, 8305852507 hr.navabharat1934@gmail.com